U.P. Power Transmission Corporation Ltd.
(U.P. Govt. Undertaking)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
ELECTRICITY TRANSMISSION CIRCLE
132KV S/S HANSARI,
JHANSI (284135)
E-mail : setjh@upptcl.org
Mobile : +91-8874204448

CIN-U40101UP2004SGC028687
GSTIN : 09AAACU8823E1Z9

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत पारेशण मण्डल,
१३२ के०वी०, विद्युत उपकेन्द्र, हंसारी,
झाँसी (२८४१३५)
ई० मेल : setjh@upptcl.org
दूरभाष : +91–8874204448

संख्याः S 46/ई0टी0सी0जे0 / टी–2 दिनांक. 05.12.2022

विषयः– **ई0–निविदा प्रकाशन की सूचना ।**

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक
1– दैनिक जागरण झाँसी। 2– दैनिक अमर उजाला, झाँसी।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक / साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक–**06 / 12 / 2022** के एक अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा में समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्र के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथासम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान से प्रकाशित करें।

1. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक टैक्स इन्वाइस (जिस पर उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 का **GST No-09AAACU8823E1Z9** अंकित है) तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता विद्युत पारेषण मण्डल झाँसी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन भुगतान सम्भव न होगा।
2. संलग्न हिन्दी/ अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी में ही किया जाय। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र का कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
3. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
4. यदि आपको सूचना एवं जन संपर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दुष्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दर स्वीकृति न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अद्योहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
5. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्रहित में बिजली बचायें का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
6. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भददे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में परिषद द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/ निरस्त किया जा सकता हैं।
7. विज्ञापन बिना मोनोग्राम के प्रकाशित करें।
8. इस विज्ञापन आदेश के विरूद्ध जारी टैक्स इन्वाइस पर उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 का **GST No-09AAACU8823E1Z9** अनिवार्य रूप से अंकित किया जाय, अन्यथा बीजक का भुगतान सम्भव नहीं होगा।

संलग्नः– (1) विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।
(2) विज्ञापन सामग्री नं. 2 प्रतियां।

भवदीय

**अधिशासी अभियन्ता (स0)**
**विद्युत पारेषण मण्डल, झाँसी।**

Executive Engineer (A)
Electricity Transmission Circle
U.P. Power Trans. Corpon. Ltd.
JHANSI

संख्याः– ई0टी0सी0जे0 / टी–2 तद दिनांक

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण मध्य) उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, झाँसी।
2. उप महाप्रबन्धक लेखा, आगरा।
3. नोटिस बोर्ड।

संलग्नः– विज्ञापन सामग्री।

**अधिशासी अभियन्ता (स0)**
**विद्युत पारेषण मण्डल, झाँसी।**

## उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0

## निविदा सूचना

अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु निविदा दो भागों में प्रथक–प्रथक रूप से लेटर हैड पर दिनांक 13.01.2023 को 15.00 बजें तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 16.00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। उक्त निविदा हेतु धरोहर धनराशि ई0 ट्रांसफर के माध्यम से निम्नलिखित खाते में जमा करना अनिवार्य है। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में कार्य से सम्बन्धित दर एवं शर्तें आदि होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी भी अंश को बिना कोई कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। उक्त तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र मण्डल कार्यालय से, किसी भी कार्य दिवस में निविदा खुलने की तिथि दिनांक 13.01.2023 को 14:00 बजे तक, निविदा शुल्क निम्नलिखित खाते में ई–ट्रांसफर से जमा करने का साक्ष्य उपलब्ध कराकर, कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| **Name of Account Holder** | : | SE, UP Transmission Corporation LTD. Electricity Transmission Circle, Jhansi |
| **A/c. No.** | : | 0709002100021860 |
| **Name of Bank** | : | Punjab National Bank, Sadar Bazar, Jhansi Cantt (UP)-284001 |
| **IFS Code** | : | PUNB0070900 |

**निविदा सूचना संख्या ई0टी0एस0–13/ई0टी0सी0जे0/22–23**– मुख्य अभियंता, पारेषण दक्षिण मध्य, झाँसी के उपयोगार्थ हेतु 1 अदद डीजल कार (ड्राइवर सहित) 06 माह हेतु रखने से सम्बन्धित कार्य। (धरोहर धनराशि रू0–3000/– निविदा शुल्क रू0 224.00 जी0एस0टी0 सहित)।

## उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0

## ई0–निविदा सूचना

अनुभवी कार्यदायी संस्थाओं से निम्न कार्यो हेतु ई–निविदा आंमत्रित की जाती हैं। आंमत्रित निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें यथा :– निविदा शुल्क, धरोहर राशि, निविदा आमंत्रित करने की तिथि/समय, निविदा खुलने की तिथि/समय, आवश्यक नियम व शर्ते इत्यादि ई–टेण्टर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगीं। अन्य किसी प्रकार के संशोधन/तिथि विस्तार हेतु निविदा खुलने की तिथि तक वेबसाइड पर लॉगिन करें।

**ई–निविदा सूचना संख्या–ई0टी0एस0–09/ई0टी0सी0जे0/22–23** 220 के0वी0 उपकेन्द्र, कल्याणपुरा पर 20 एम0वी0ए0 परिवर्तक को स्थापित करने से सम्बन्धित समस्त कार्य।

**ई–निविदा सूचना संख्या–ई0टी0एस0–10/ई0टी0सी0जे0/22–23** 220 के0वी0 उपकेन्द्र, कल्याणपुरा पर 132 के0वी0 बे बनाने से सम्बन्धित समस्त कार्य।

**ई–निविदा सूचना संख्या–ई0टी0एस0–11/ई0टी0सी0जे0/22–23** ई0एफ0यू0 नैनी प्रयागराज से 220 के0वी0 उपकेन्द्र, कल्याणपुरा तक सबस्टेशन स्ट्रक्चर के लोडिंग, ढुलाई एवं अनलोडिंग से सम्बन्धित समस्त कार्य।

**ई–निविदा सूचना संख्या–ई0टी0एस0–12/ई0टी0सी0जे0/22–23** 220 के0वी0 उपकेन्द्र, कल्याणपुरा पर 132 एवं 33 के0वी0 बे के निर्माण हेतु लगने वाले विभिन्न सामग्री की आपूर्ति हेतु।

**ई–टेण्डर की वेबसाइट पर उपरोक्त निविदायें निर्धारित तिथि/समय तक ही अपलोडेड ही की जा सकेगीं।**

**अधिशासी अभियन्ता (स0)**
**विद्युत पारेषण मण्डल, झाँसी।**

Executive Engineer (A)
Electricity Transmission Circle
U.P. Power Trans. Corpon. Ltd
JHANSI

**'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'**